# तिमाही में लक्ष्य के अनुरूप वसूली न करने वाले करसंग्रहकों को नोटिस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** तिमाही के लक्ष्य के विरूद्ध 60 प्रतिशत के कम वसूली करने वाले सभी करसंग्रहकों के वेतन आहरण पर रोक लगाई जावे तथा जिस राजस्व निरीक्षण के तीन या उससे अधिक करसंग्रहकों की वसूली 60 प्रतिशत से कम है उन्हें नोटिस जारी की जावे तथा सम्बंधित उपायुक्त को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा के दौरान सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

**▶ निगमायुक्त संघ प्रिय ने की सम्पत्तिकर वसूली की समीक्षा**

निगम मुख्यालय में आयोजित सम्पत्तिकर समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त मुनीश सिकरवार, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, उत्तम जखैनिया एवं मुकेश बंसल सहित सभी राजस्व निरीक्षण एवं करसंग्रहक उपस्थित रहें। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सम्पत्तिकर के तिमाही लक्ष्य की वार्डवार समीक्षा की समीक्षा के दौरान ग्वालियर विधानसभा के अन्तर्गत करसंग्रहक श्री आशु जाटव, श्री चिम्मन कटारे, श्री के.के. पाल, नरेन्द्र सिंह गुर्जर, प्रेमनारायण कुशवाह ग्वालियर पूर्व विधानसभा अन्तर्गत करसंग्रहक अनुप चंदेल दक्षिण विधानसभा अन्तर्गत प्रमोद पाल ग्रामीण विधानसभा अन्तर्गत दौलतराम द्वारा कम वसूली करने पर इनके वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही करसंग्रहक श्री भगवान दास अर्गल एवं नरेन्द्र मोरे को चेतावनी पत्र जारी के निर्देश दिये। साथ ही राजस्व निरीक्षण श्री दीपक अग्निहोत्री को नोटिस जारी करने निर्देश दिये गये।

निगमायुक्त संघ प्रिय ने सभी करसंग्रहकों को निर्देशित किया गया कि पिछले वर्ष एवं उससे विगत वर्ष पूर्व से जो करदाता समय पर टैक्स जमा नही कर रहे है उनकी जानकारी दे तथा उनसे वसूली करें इसके साथ ही दस्तावेजों के अभाव में अथवा नोटरी वाली सम्पत्ति पर कितनी नवीन आई.डी. बनी है उनकी जानकारी दें। वही नामांकन प्रकरणों की समीक्षा करने हुये जानकारी दी गई की 923 नामांकन प्रकरण लंबित है जिसमें एक माह से उपर वाले 186 प्रकरण लंबित है उनको लेकर विधानसभावार जानकारी ली तथा नामांकरण प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इसके साथ ही अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। वही जीआईएस सर्वे की समीक्षा करते हुये सम्बंधित एजेंसी द्वारा धीमी गति से कार्य करने पर एजेन्सी को नोटिस जारी के निर्देश दिये गये।



### शनिवार को चलाये एक विशेष अभियान

बैठक में अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार ने बताया कि आगामी तिमाही में प्रत्येक शनिवार को विशेष सम्पत्तिकर वसूली अभियान चलाये जिसमें शिविर लगाकर एवं डोर टू डोर सम्पर्क कर अधिक से अधिक वसूली करें इसके साथ ही शासकीय सम्पत्तियों को चिंहित कर उनके सेवा प्रभाव की वसूली के लिये लगातार फोलोअप लेते रहें।

### लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने वालों निगमायुक्त ने किया सम्मानित

लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने वाले करसंग्रहकों में से टॉप फाइव करसंग्रहकों एवं राजस्व निरीक्षण तथा उपायुक्त को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये जिसमें उपायुक्त उत्तम जखैनिया, राजस्व निरीक्षण दीपक अग्निहोत्री, सतेन्द्र राजौरिया करसंग्रहक धीरज जाटव, हिमांशु नामदेव, ब्रिजेन्द्र किरार, दलवीर सिंह गुर्जर एवं अभिषेक भदौरिया प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

# शिंदे की छावनी में जल रिसाव से बदहाल मुख्य मार्ग, आए दिन हो रहे हादसे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** शिंदे की छावनी स्थित लक्ष्मण तलैया के नीचे मुख्य मार्ग पर लंबे समय से हो रहे जल रिसाव के कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि यह समझना मुश्किल है कि 'गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे। क्षेत्रवासियों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूल वाहन, निजी वाहन एवं अन्य भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। मंगलवार को तो स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब डिप्टी कमिश्नर का वाहन भी सड़क पर बने गड्ढे में फंस गया। मौके पर मौजूद कांग्रेस नेता अतुल जैन ने स्वयं वाहन को बाहर निकलवाने में सहयोग किया। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। आरोप है कि जलदाय विभाग के संबंधित सब इंजीनियर जगदीश सेन न तो फोन उठाते हैं और यदि कभी बात हो भी जाती है तो केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है।



क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि जल रिसाव की समस्या का तत्काल स्थायी समाधान कर सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।



# कलेक्टर से मिले चेम्बर के चुनाव अधिकारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** जिलाधीश से आज चेम्बर के निर्वाचन अधिकारी-सीए अशोक विजयवर्गीय, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी-सीए अरविन्द गौड़, सहायक निर्वाचन अधिकारी पीताम्बर लोकवानी एवं राजीव अग्रवाल ने भेंट कर 17 जुलाई को सम्पन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी दी एवं जिला प्रशासन से सहयोग की अपील की

# चेम्बर चुनाव की तैयारियाँ लगभग पूर्ण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** 'म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री' के निर्वाचन-2026 के अन्तर्गत आयोजित होने वाले 'मतदान' एवं 'मतगणना' के कार्य की लगभग सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है । पूर्व में सम्पन्न निर्वाचनों के अनुरूप ही इस बार भी 17 जुलाई को सम्पन्न होने वाले 'मतदान' एवं 'मतगणना' के कार्य में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से पूर्ण सहयोग मिल रहा है और इस संबंध में जिलाधीश-श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव के सानिध्य में बैठक भी सम्पन्न हो चुकी है ।

शांति पूर्ण मतदान के लिए प्रात: 7.30 बजे प्रत्याशियों के सामने मतपेटियाँ सील की जाएगी, 'चेम्बर भवन' से 100 मीटर की दूरी पर यदि प्रत्याशी चाहें, तो टेन्ट, पेयजल व कूलर की व्यवस्था कर सकते हैं, मतदान हेतु 24 बूथ का निर्माण किया गया है, 4. मतपत्र प्रदान करने हेतु 14 टेबिल की व्यवस्था है । प्रत्येक टेबिल पर 02 निर्वाचन सहायक उपस्थित रहेंगे, 5. भवन में कुल 06 द्वार हैं । द्वार क्रमांक-1 से मतदाता का प्रवेश होगा । प्रवेश द्वार के निकट 08 टेबिल पर उनकी पर्ची बनेगी, उस पर्ची के लेकर मतदाता को मतदान केन्द्र के अंदर जाना होगा । उसी पर्ची के आधार पर मतपत्र प्रदान किए जाएँगे, द्वार क्रमांक-2, 3, 4 पूर्णत: बंद रहेंगे । (द्वार क्रमांक-5 आईडीबीआई बैंक में आवागमन हेतु है), अशक्त सदस्यों के मतदान हेतु उन्हें द्वार क्रमांक-6 से मतदान कक्ष में व्हील चेयर से लाया जाएगा, मीडिया एवं सदस्यगणों की सुविधा हेतु मुख्य मार्ग पर एक बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था रहेगी, जिसमें कैमरों के माध्यम से मतदान कक्ष की व्यवस्था परिलक्षित होगी, परन्तु इसमें बूथ परिलक्षित नहीं होंगे ।

मतदान का समय प्रात: 08.00 से सायं 05.00 बजे तक है । मतदान के लगभग 02 घंटे के पश्चात्त मतगणना का कार्य प्रारम्भ होगा । मतदान के दौरान 'चेम्बर भवन' से 100 मीटर की दूरी तक चुनाव प्रचार एवं किसी भी प्रकार का हथियार साथ में रखना सख्त मना है ।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को घर से निकाला

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** शहर में दहेज लोभियों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला काली माता मंदिर के पास स्थित कोटेश्वर मंदिर क्षेत्र से सामने आया है, जहाँ एक विवाहिता को मायके से दहेज न लाने पर प्रताड़ित कर घर से बाहर निकाल दिया गया।

**▶ ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर केस दर्ज**

पीड़िता मनीषा शाक्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ससुराल वाले लगातार उसे दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने बताया कि मामला दर्ज कराने से पहले उसने सामाजिक स्तर पर सुलह और थाने में काउंसलिंग के जरिए विवाद को सुलझाने के भरपूर प्रयास किए, लेकिन ससुराल वालों के अडियल रवैये के कारण बात नहीं बन सकी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मनीषा शाक्य के पति जीतेन्द्र शाक्य, ससुर भगवान शाक्य और सास शीला बाई के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 'नशे से दूरी है जरूरी 2 .0' अभियान का आगाज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ग्वालियर में 15 दिवसीय जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' का शुभारंभ किया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जयराज कुबेर और डीएसपी मुख्यालय रोबिन जैन ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




### नशा मुक्त समाज का संकल्प

यह रथ आगामी 15 दिनों तक जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा ने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार और समाज को भी खोखला करता है, इसलिए युवाओं को इससे बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं, नोडल अधिकारी जयराज कुबेर ने बताया कि भारत सरकार के नशामुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पुलिस लगातार ड्रग माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

## राजस्व कर संग्रहकों के कार्यों में फेरबदल और नई तैनातियाँ

**ग्वालियर, 15 जुलाई.** प्रशासनिक सुव्यवस्था और कार्य-क्षमता बढ़ाने हेतु राजस्व कर संग्रहकों के आवंटन में बदलाव किए गए हैं। अपर आयुक्त द्वारा कई अधिकारियों को पुन: तैनाती और जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं, जिनमें सहायक राजस्व निरीक्षक राजकुमार कोष्टा, रजत वाजपेयी, रोजगार सहायक भूपेन्द्र गुर्जर, तथा विभिन्न राजस्व कर संग्रहक क्षेत्र-निहित अधिकारी शामिल हैं।

# मनीष पराशर का जोन-23 के कर्मचारियों ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** नगर निगम ग्वालियर के जोन क्रमांक-23 में कार्यरत मनीष पराशर के असिस्टेंट ग्रेड-2 पद पर पदोन्नत होने पर जोन-23 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर बधाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी.

सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि मनीष पराशर ने अपने कार्यों का हमेशा ईमानदारी, लगन और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया है। उनकी पदोन्नति से जोन-23 के कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि वे नई जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा एवं दक्षता के साथ निर्वहन करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।



# कैट की संभागीय कार्यसमिति घोषित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल जी की अनुशंसा पर कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन के मुख्यातिथ्य में कैट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गोयल ने संभागीय कार्यसमिति की घोषणा की, जिसमें रवि गुप्ता अध्यक्ष, मुकेश जैन महामंत्री, मयूर गर्ग उपाध्यक्ष, विकास शिवहरे कोषाध्यक्ष बनाये गये। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि कैट द्वारा 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव आयोजित हो रहा है, जो कि ''लोकल फॉर ग्लोबल'' की धारणा को मूर्त रूप प्रदान करेगा। इस विक्रय प्रदर्शनी में ग्वालियर से 150 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

**▶ रवि गुप्ता अध्यक्ष, मुकेश जैन महामंत्री, सीए मयूर गर्ग उपाध्यक्ष, विकास शिवहरे कोषाध्यक्ष बने**

कैट की आज की पत्रकार वार्ता में महामंत्री रामकुमार गोयल, मीडिया प्रभारी हिमांशु छापड़िया, धनराज सेवानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




- कैट 2016 में ग्वालियर में 11 सदस्यों से प्रारंभ हुई
- आज कैट के 1750 सदस्य हैं।
- ग्वालियर चंबल संभाग में आठों जिलों एवं डबरा में कैट की इकाई सक्रियता से कार्य कर रही है।
- कैट का वार्षिक आयोजन सावन की गोठ, अन्नकूट, क्रिकेट कार्निवल के अलावा चाय पर चर्चा, कैट आपके द्वार, व्यापार उद्योग संवाद काफी लोकप्रिय हैं।
- कैट की मुख्य शाखा के अतिरिक्त यूथ विंग एवं महिला विंग सक्रियता से कार्य कर रही हैं। हाल ही में महिला विंग का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ है।
- ग्वालियर में कैट के 2 राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं, जिनमें कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन एवं कैट महिला विंग की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती रीना गांधी हैं।

## ऋषिकेश गया परिवार, चोरों ने साफ किए गहने

**ग्वालियर 15 जुलाई.** सिरोल थाना क्षेत्र अंतर्गत मॉडल टाउन स्थित एक घर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। परिवार के ऋषिकेश और नैनीताल की यात्रा पर जाने का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

मॉडल टाउन के मकान नंबर 80 डी में रहने वाले रमन दुबे, जो कि राजबहादुर दुबे के पुत्र हैं, कुछ दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चों के साथ उत्तराखंड की यात्रा पर गए थे। बीते रोज जब वे वापस लौटे, तो उन्हें घर के ताले टूटे हुए मिले। रमन दुबे ने बताया कि चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर दो जोड़ी पायल, चांदी की बिछिया, चांदी का सिक्का, सोने का मंगलसूत्र और सोने की एक चेन पार कर दी।घटना की सूचना मिलते ही सिरोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर दो नकाबपोश चोर नजर आए हैं।

# क्षेत्रीय श्रम आयुक्तों के लिए 'रिकवरी मैनेजमेंट' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** नई दिल्ली स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी में 15 से 17 जुलाई 2026 तक क्षेत्रीय श्रम आयुक्तों (केंद्रीय) के लिए 'रिकवरी मैनेजमेंट' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में देशभर से 26 क्षेत्रीय श्रम आयुक्त भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को रिकवरी प्रक्रिया से जुड़े कानूनी प्रावधानों, प्रक्रियात्मक पहलुओं, व्यावहारिक चुनौतियों तथा सर्वोत्तम प्रशासनिक कार्यप्रणालियों से अवगत कराना है ताकि वे अपने दायित्वों का अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से निर्वहन कर सकें।



उद्घाटन सत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी के निदेशक कुमार रोहित ने कहा कि रिकवरी प्रबंधन केवल वैधानिक प्रावधानों को लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए कानून की गहन समझ, प्रक्रियात्मक निष्पक्षता, प्रशासनिक विवेक, प्रभावी संवाद, संवेदनशीलता और व्यावसायिक ईमानदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करते हुए नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने से स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा मिलता है और शासन व्यवस्था पर जनता का विश्वास मजबूत होता है।

उन्होंने प्रतिभागियों को अकादमी की 'डिलिशियस इनिशिएटिव' और बुक रिव्यू प्रोग्राम जैसी ज्ञानवर्धक पहलों में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया, जिससे अधिकारियों में अध्ययन, आलोचनात्मक चिंतन और ज्ञान साझा करने की संस्कृति विकसित हो सके।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में रिकवरी संबंधी वैधानिक ढांचे, प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों, व्यवहारिक चुनौतियों, केस स्टडी तथा उभरती सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत सत्र आयोजित किए जाएंगे।

यह कार्यक्रम श्रम प्रशासन एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने तथा भविष्य के लिए सक्षम, दक्ष और नागरिक-केंद्रित प्रशासनिक तंत्र विकसित करने की दिशा में पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी की महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# आईटीएम और कोडिंग गुरुकुल कानपुर के बीच हुआ एमओयू साइन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर और कोडिंग गुरुकुल कानपुर के बीच एमओयू साइन किया गया। तकनीकी शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप छात्र-छात्राओं को कोडिंग स्किल्सि को मजबूत करने और इंटर्नशिप इंटरव्यू अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'कैंपस रेडिनेस, इंडस्ट्री विजिट ट्रेनिंग, जावा, डाटा स्ट्रक्चर्स एंड एल्गोदरिज्म (डीएसए) इंटर्नशिप प्रोजेक्ट और इंटरव्यू अपोर्चुनिटीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एमओयू साइन किया गया है। इस दौरान एमओयू समझौता ज्ञापन पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की ओर से वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय और कोडिंग गुरुकुल की ओर से फाउंडर शालिका रितु द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान आईक्यूएसी की डायरेक्टर डॉ. वाणी अग्रवाल, कोडिंग गुरुकुल से आदित्य कृष्ण गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह एमओयू तीन वर्षों की अवधि तक प्रभावी होगा।



हस्ताक्षर होने पर वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योगोन्मुखी कौशल, तकनीकी दक्षता और रोजगारपरक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कोडिंग गुरुकुल की फाउंडर शालिका रितु ने कहा कि यह एमओयू छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण, उद्योग आधारित परियोजनाओं और इंटरव्यू तैयारी से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी पहल है।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर और कोडिंग गुरुकुल के बीच हुए एमओयू समझौता के तहत कोडिंग गुरुकुल द्वारा आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के छात्र-छात्राओं के लिए समय-समय पर उद्योग आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को केवल पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें वास्तविक उद्योग आवश्यकताओं, तकनीकी समस्या समाधान, प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग, कोडिंग प्रैक्टिस और इंटरव्यू तैयारी से जोड़ना है।

- एमओयु के तहत गुरुकुल, छात्र-छात्राओं के लिए निर्धारित प्रशिक्षण एवं प्रोजेक्ट गतिविधियों की शुरुआत निर्धारित समयसीमा में करेगा। छात्र-छात्राओं को वेब आधारित मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर फ्रेमवर्क के माध्यम से प्रशिक्षण, सर्टिफिक्रेट/ डिप्लोमा कोर्सेज और प्रगति निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक छात्र-छात्राओं के लिए लॉगइन के लिए आईडी बनाई जाएगी, जिससे उनकी सीखने की प्रगति को नियमित रूप से ट्रैक किया जा सकेगा।

# एफपीएआई का युवा वर्ग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 जुलाई.** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा यूथ ग्रुप के साथ जनसंख्या, स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की जनरल मैनेजर नीलम दीक्षित के मार्गदर्शन में हुआ.

कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी अछेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा सभी युवाओं को विश्व जनसंख्या दिवस की थीम पर चर्चा करते हुए परिवार नियोजन में युवाओं की क्या भूमिका है इस विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रश्नोत्तर एवं संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व को रेखांकित किया. प्रतिभागियों ने अपने परिवार एवं समाज में जनसंख्या, स्वास्थ्य और परिवार नियोजन से जुड़े संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में कोर्डिनेटर परगया श्रीवास्तव ने सभी को कार्यक्रम के उदेस्यो पर जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में एफपीएआई कोर्डिनेटर प्रज्ञा श्रीवास्तव तथा एस आर एफ फाउंडेशन से अनुप यादव , पवन राजपूत सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं सुनील बंसल आदेश शशर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में कुल 140 युवाओं ने हिस्सा लिया।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95